कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी।

संख्या /नियुक्ति/नॉन पी0जी0रेजीडेन्ट/2023/एस0सी0–1 दिनांक 24/07/2023

विज्ञापन

शासनादेश संख्या 156/2018/2014(1)/71–1–2018–जी0–290/2017 टीसी 02 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 13 जून 2018 एवं 143/2018/1912/(1) /71–1–2018 जी– 290/2017 टीसी 02 दिनॉक 23 मई, 2018 एवं भारत का राजपत्र राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली 14 फरवरी 2022 के अनुसार इस कालेज के निम्नलिखित विभागों में नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट के पदों पर नियत वेतनमान रूप्या 63000/– प्रतिमाह पर नियुक्ति हेतु बी0डी0एस0 ग्रेजुएट अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर दिनॉक 28–07–2023 को 12 बजे तक वॉक–इन–इन्टरवयू (Walk-In-Inteview) के लिए आमंत्रित किया जाता है।

1– इमरजेन्सी विभाग – एक पद (अनुसूचित जाति–1)

इन पदों पर आवेदन की अर्हतायें निम्नलिखित है।

1– बी0डी0एस0 ग्रेजुएट परीक्षा वर्ष 2015 या उसके पश्चात के उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र होंगे।

2–अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।

3–महानिदेशालय/शासन से अन्य कोई अभ्यर्थी तैनात किये जाने/अन्य दिशा निर्देश प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जायेंगी।

4–वर्तमान में उर्त्तीर्ण अभ्यर्थियो को वरीयता ही जायेगी। आवेदक को मेडिकल कौन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल कौन्सिल मे स्थाई पंजीकृत होना चाहिए।

3– अभ्यर्थियों का चयन पूर्णतया उनके द्वारा बी0डी0एस0 पाठयकम में प्राप्त अंको के आधार पर होगा। साक्षात्कार में अभिलेखों का सत्यापन तथा अभ्यर्थियों का सामान्य परीक्षण किया जायेगा। इस हेतु **दोपहर 12** बजे कालेज के समिति कक्ष में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जायेगा । अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु समय से उपस्थित हों ।

6– साक्षात्कार हेतु यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं है।

7–यह नियुक्तियॉ पूर्णतः अस्थाई है एवं दिनांक **31–03–2024** तक के लिए की जायेंगी। जिसे दिनॉक **30–06–2024** तक बढ़ाया जा सकता है।

8– अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने पद से त्यागपत्र देने पर उसे एक माह का अग्रिम नोटिस अथवा एक माह का वेतन जमा करना होगा।

9– यह नियुक्तियॉ बिना कोई कारण बताये कभी भी निरस्त की जा सकती है। नियुक्तियॉ, सेवा समाप्ति या इससे संबंधित किसी अन्य प्रकार के विवादास्पद मामले में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम होगा और इस संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद नहीं बनेगा । आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप पर अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, स्थाई एवं पत्र व्यवहार का पता, शैक्षिक योग्यता का पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए । आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का एक फोटो तथा समस्त शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियॉं संलग्न होना चाहिए । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

छात्र छात्राओं द्वारा उक्त हेतु आनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है उक्त हेतु वह समस्त प्रपत्र ई0 मेल के माध्यम से principalmcjhs@gmail.com पर भेज सकते हैं।

प्रधानाचार्य,
म0ल0बा0 मेडिकल कालेज,झॉसी ।

संख्या 2458 नियुक्ति/नॉन पी0जी0रेजीडेन्ट/2023/एस0सी0–1 तदिनांक ।:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– समस्त विभागाध्यक्ष । 2– नोटिस बोर्ड, छात्रानुभाग/ कालेज एवं समस्त छात्रावास ।

3– प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,मेडिकल कालेज चिकि0,झॉसी। 4– महानिदेशक, चि0शि0 एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

5– प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर/मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/गोरखपुर/ आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर,बॉदा, बदायूॅ को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

6– कुलसचिव, सी0एस0एम0 (के0जी0) मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ सैफई, इटावा को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें। ।

7 –स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज, अयोध्या,शाहजहांपुर, देवरिया/एटा/फतेहपुर/गजीपुर/ हरदोई/मीरजापुर /प्रतापगढ़/ सिद्वार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

6– प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को इस आशय से कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
म0ल0बा0 मेडिकल कालेज, झॉसी।

To DVS technology

Scanned with CamScanner